# चेतना

विद्यालय दैनिक पत्रिका

2024-25 प्रवेशोत्सव नामांकन अभियान

सोमवार

बिहार

01 जुलाई 2024

Monday

वर्ष : 3

समस्तीपुर

शिक्षकों का, शिक्षकों के लिए और शिक्षकों द्वारा प्रकाशित


भारतीय स्टेट बैंक का स्थापना दिवस







संपादकीय

चेतना सत्र


संविधान

विद्यालय समय सारणी एवं पाठ टीका

पीएम पोषण योजना

चहक

...

एक योगी थे जिन्होंने 'हिमालयन इन्टरनेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ योगा सांइस एण्ड फिलासफी' सहित अनेकानेक संस्थानों की स्थापना की। उन्होंने लगभग ४४ सर्वाधिक विक्रीत पुस्तकों की भी रचना की।

## स्वामी राम

की जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।

02 जुलाई, 1925 - 13 नवंबर, 1996

जुलाई

| सो. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | र. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

18 मुहर्रम





4. भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन थी? : इंदिरा गांधी
5. दिल्ली किस नदी के किनारे बसा हुआ है ? : यमुना

## 6. तर्क ज्ञान

1. पृथ्वी पर पलायन वेग कितना होता है ? : 11.2 km/s
2. मनुष्य ने सबसे पहले किस जानवर को पालतू बनाया? : कुत्ता
3. दो स्वरों या दो व्यंजनों के मेल को क्या कहते हैं? : संधि
4. A:Z::B:....? : Y
5. राम ने किसी वस्तु को ₹100 में खरीदा तथा उसे डेढ़ सौ रुपया में बेच दिया तो बताओ उसे कितना प्रतिशत लाभ हुआ? : 50%

## 7. युग्म शब्द

1. आगमी : ज्योतिषी
2. आगामी : आनेवाला
3. आहुत : यज्ञ
4. आभास : झलक
5. आवास : वास - स्थान

## 8. प्रेरक प्रसंग

### शेर ने चुकाया एहसान

एक गुलाम व्यक्ति था। उसका मालिक बहुत ही निर्दयी था। इसलिए गुलाम जंगल में भाग गया। वहां उसने एक शेर देखा। शेर को दर्द हो रहा था। उसके पंजे में एक कांटा फंसा हुआ था। गुलाम व्यक्ति शेर के पास गया और उसका कांटा निकाल लिया। अब शेर का दर्द कम हो गया।

एक दिन गुलाम को उसके मालिक ने पकड़ लिया। उसका मालिक उसे भूखे शेर का सामना करने का आदेश देता है। गुलाम समझ चुका था कि उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन क्या आश्चर्य हुआ, जब शेर दहाड़ता हुआ आया लेकिन उसने गुलाम को नहीं बल्कि उसके मालिक को मार डाला। यह वही शेर था जिसकी गुलाम ने जान बचाई थी।

# चहक

बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव

दिन - 11 | सत्र - 01 | अवधि - 1 घंटा

**शारीरिक विकास**

## मिट्टी के खिलौने



**उद्देश्य**

- कल्पनाशीलता, एकाग्रता तथा सृजनशीलता का विकास।

**प्रक्रिया**

- शिक्षक सभी बच्चों को दो-तीन के समूहों में बिठाएँगे। हर समूह के सामने अखबार या प्लास्टिक बिछा देंगे। बच्चों को उस पर गीली मिट्टी का लोंदा रखने को कहेंगे। किसी छोटे डिब्बे, गिलास, मग, कटोरे आदि में पानी रखेंगे।
- शिक्षक बच्चों से कहेंगे कि वे अपने मन से मिट्टी का कोई भी सामान, जैसे- गोली, जीव-जन्तु, बरतन, खिलौने आदि बनाएँ।
- सामान बन जाने पर शिक्षक उसपर बच्चों से बातचीत करेंगे, जैसे-
  - आपने क्या बनाया है?
  - आपने इसे क्यों बनाया है?
  - इसका क्या उपयोग हो सकता है? आदि।

**सामग्री**

- अखबार या प्लास्टिक, गीली मिट्टी, छोटा डिब्बा, गिलास, कटोरा एवं मग आदि।

**सावधानी**

- शिक्षक इस बात का ध्यान रखेंगे कि :
  - उपयुक्त मिट्टी का चयन किया जाए।
  - तय किये गये स्थान पर ही कार्य किये जाएँ।
  - बच्चों के कपड़े गंदे न हों।
  - मिट्टी का काम समाप्त होने के बाद बच्चे अच्छी तरह से हाथ धो लें।



**प्रतिफल**

- बच्चों में कल्पनाशीलता, एकाग्रता तथा सृजनशीलता का विकास होगा।
- बच्चों की सूक्ष्म मांसपेशियों का विकास होगा।

दिन - 11 | सत्र - 02 | अवधि - 1 घंटा

**संख्यात्मक विकास एवं पर्यावरणीय जागरूकता**

खेल

# आवाज़ की पहचान



**उद्देश्य**

- एकाग्रता का विकास।
- अलग-अलग तरह की आवाजों की पहचान।

**प्रक्रिया**

- सभी बच्चे गोल घेरा बनाकर बैठेंगे। शिक्षक उनमें से किसी एक बच्चे को गोल घेरे के बीच में आँखों पर पट्टी बाँधकर खड़ा करेंगे।
- शिक्षक कुछ सामान जैसे- बोतल, डिब्बा, कप, प्लेट, चम्मच, घड़ा, बाँस का टुकड़ा, गिलास, थाली, कटोरी, घंटी आदि को बारी-बारी से बजाकर आँखों पर पट्टी लगे बच्चे से पूछेंगे कि यह किस चीज की आवाज है? सही जवाब मिलने पर गोल घेरे में बैठे बच्चे ताली बजाएँगे और गलत जवाब पर शिक्षक सही जवाब बताएँगे।
- शिक्षक बच्चों से पूछेंगे कि आज हमने कितनी तरह की आवाजों को सुना।

**सामग्री**

- बोतल, डिब्बा, कप, प्लेट, चम्मच, घड़ा, बाँस का टुकड़ा, गिलास, थाली, कटोरी, घंटी आदि।

**विकल्प**

- शिक्षक किसी बच्चे के माध्यम से पशु-पक्षी, जैसे- कुत्ता, बकरी, बिल्ली, मुर्गा, तोता, गाय, भैंस, कौआ आदि की आवाज मुँह से निकालकर उसकी पहचान करवा सकते हैं।



**प्रतिफल**

- बच्चों में एकाग्रता का विकास होगा।
- बच्चे अलग-अलग तरह की आवाजों के अंतर के आधार पर उसकी पहचान कर पाएँगे।



दिन - 11 | सत्र - 03 | अवधि - 1 घंटा

**भाषा विकास**

कविता

# मेरी किताब

## मेरी किताब

अच्छे–अच्छे चित्रों वाली
मेरे पास किताब,
हरा–हरा तोता है इसमें
मिर्च रहा है दाब।
भूरा–भूरा घोड़ा इसमें
घास खड़ा खाता है,
बड़े पेड़ के नीचे हाथी
अपनी सूँड़ उठाता है।
इसीलिए तो अच्छी लगती
मुझको यही किताब,
रंग–बिरंगे चित्रों वाली
मेरे पास किताब।



**उद्देश्य**

- कविता गाने का कौशल।
- किताब के प्रति लगाव।

**प्रक्रिया**


- **कविता** - शिक्षक बच्चों को U आकार में खड़ा करेंगे तथा हाव-भाव के साथ 'मेरी किताब' कविता की एक-एक पंक्ति गाकर सुनाएँगे। बच्चे भी हाव-भाव के साथ कविता की पंक्ति को दोहराएँगे।
- **किताब मेरी दोस्त** - शिक्षक बच्चों को चार समूहों में बैठाएँगे। हर समूह को कुछ चित्रकथा की किताबें देखने के लिए देंगे। शिक्षक बच्चों से पूछेंगे कि उन्हें किताब में क्या-क्या अच्छा लगा? किताबों में कौन-कौन-सी चीजें हैं? किन-किन बच्चों के घरों में किताबें हैं? किसी ने कहीं किताब की दुकान देखी है? उन दुकानों में किताब के साथ-साथ और कौन-कौन सी चीजें मिलती हैं?

**सामग्री**

- चित्र कथा की किताबें

**विकल्प**

- बच्चों के घरों में अगर इस तरह की किताबें हों तो वे उन्हें स्कूल में लेकर आ सकते हैं।



**प्रतिफल**

- बच्चों में कविता को गाने का कौशल बढ़ेगा।
- बच्चों का किताब के प्रति लगाव विकसित होगा।

